# उदयपुर जघन्य हत्याकांड प्रकरण के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग

**बीकानेर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी शहर पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित कर मंगलवार को उदयपुर में कन्हैयालाल जघन्य हत्याकांड की घोर निंदा करते हुए हत्यारों को अविलम्ब कड़ी से कड़ी सजा देने और प्रदेश में लगातार बढ़ रहे मजहबी उन्माद को तुरन्त रोकने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य सरकार और प्रशासन ने पूर्व में प्रदेश के अनेक स्थानों पर लगातार घटित हुई सांप्रदायिक घटनाओं से सबक नहीं लिया। उदयपुर हत्याकांड सीधे-सीधे राज्य सरकार और उदयपुर जिला प्रशासन की विफलता और नाकामी की ओर इशारा करता है। भाजपा नेताओं ने कहा कि राजस्थान जैसे गौरवशाली प्रदेश में आमजन के बीच भय पैदा करने के उद्देश्य से की गई। इस प्रकार की आतंकवादी और तालिबानी स्वरूप वाली घटना ने राज्य की शांतिपूर्ण संस्कृति पर एक बदनुमा दाग लगा दिया है।

जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे देश में कानून संविधान से संचालित होता है परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि राजस्थान में कानून धर्म और तुष्टिकरण के आधार पर संचालित हो रहा है। उन्होंने आतंकवादी हत्यारों को अविलम्ब कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है ताकि भविष्य में कभी भी इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं की पुनरावृति ना हो और अपराधिक प्रवृति के लोगों में भी खौफ पैदा हो सके।



उदयपुर घटना के विरोध में शहर भाजपा ने बीकानेर कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

भाजपा नेताओं ने कहा कि पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद भी सरेआम इस प्रकार के हृदय विदारक हत्याकांड से स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं और आमजन में भय व्याप्त है। उन्होंने आतंकवादी हत्यारों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए की गई हिंसक और अमर्यादित टिप्पणी का भी पुरजोर विरोध करते हुए हत्यारों के आतंकवादी संगठनों से संबंधों की भी गहन जांच करने की मांग की है।

बुधवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह के साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, वरिष्ठ नेता गुमान सिंह राजपुरोहित, जिला महामंत्री मोहन सुराणा, जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापत, गोकुल जोशी, भगवान सिंह मेड़तिया, अविनाश जोशी, जिला मंत्री अरुण जैन, कौशल शर्मा, युवा मोर्चा

■ भाजपा नेताओं ने कहा कि पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद भी सरेआम हत्या कर दी गई

जिलाध्यक्ष वेद व्यास, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर चौधरी, पार्षद किशोर आचार्य, संजय गुप्ता, जितेन्द्र सिंह भाटी, कर्नल हेम सिंह शेखावत, विजय उपाध्याय, जेठमल नाहटा, कमल आचार्य, तेजिंदर गिल इत्यादि शामिल थे।

**सूरतगढ़ में निकाला रोष मार्च :** उदयपुर में हुई कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के विरोध में सूरतगढ़ में सर्व हिंदू समाज की ओर से पैदल मार्च निकालते हुए उपखंड कार्यालय पंहुचे। उपखंड अधिकारी के मार्फत राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। घटना को लेकर महाराणा प्रताप चौक पर विधायक रामप्रताप कासनिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल सहित कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में करीब 30 मिनट तक जाम लगा दिया। हिंदू समाज के लोग विधायक के नेतृत्व में पैदल रोष मार्च निकालते हुए तहसील चौराहे पहुंचे और टायर जला विरोध जताया।

## नोहर को जिला बनाने की मांग ने जोर पकड़ा

**हनुमानगढ़, (कासं)।** नोहर को जिला बनाने की मांग निरंतर तेज होती जा रही है। विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में नोहर को जिला बनाने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

ज्ञापन में नोहर को जिला बनाने की पुरजोर मांग करते हुए बताया गया हैं कि नोहर जिला बनाये जाने के सभी मापदंडों को पूरा करता है। भादरा, रावतसर, पल्लू, साहवा, तारानगर को मिलाकर नोहर को जिला बनाया जा सकता है। इसके अलावा भौगोलिक दृष्टि से भी नोहर जिला बनाये जाने के लिए बेहतर हैं। वहीं जिला बनाने की मांग काफी लम्बे समय से की जा रही हैं। भादरा से हनुमानगढ़ की दूरी 140 किलोमीटर है तथा भादरा के गांव डाबड़ी की जिला मुख्यालय से 170 किलोमीटर की दूरी पर है। इससे आमजन व काश्तकारों को भारी परेशानी हो रही है।

नोहर की जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर की दूरी है। पल्लू क्षेत्र के गांव केलनिया से हनुमानगढ़ की दूरी 120 किमी है। नोहर, भादरा पल्लू की जिला मुख्यालय से काफी दूरी है। नोहर को जिला बनाये जाने से आमजन को सुविधा होगी। इस मौक पर विजेन्द्र धेरड़, राधेश्याम शर्मा, नरेन्द्र सांखी, जगदीश शर्मा, भंवरलाल जोशी, महावीरजोशी, मोहनलाल शर्मा, मुकेश पांडिया, रमेश तिवाड़ी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### सीए कोर्स में बदलाव पर चर्चा



**बीकानेर, (कासं)।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बीकानेर बांच की ओर से मनाए जा रहे सीए डे कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को वर्तमान सीए कोर्स में बदलाव हेतु प्रस्तावित नई स्कीम पर चर्चा की गई। होटल राजमहल में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि सी.आई.आर.सी. के सचिव सीए लोकेश माहेश्वरी ने कहा कि दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के द्वारा एक कमिटी- कमिटी फॉर रिव्यू ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग बनाई गई है, जो पूरे विश्व में हो रहे बदलावों और शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक के उपयोग के बारे में विस्तृत अध्ययन कर सीए कोर्स में बदलावों की अनुशंसा करती है। जिस पर इंस्टीट्यूट के कौंसिल अपने सदस्यों, विद्यार्थियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स के फीडबैक के आधार पर कोर्स में बदलावों को स्वीकृत करती है। विशेष अतिथि सी. आई.आर.सी सदस्य सीए आकाश बरगोती ने कहा कि एक स्किल्ड प्रोफेशनल के तौर पर एक चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की पहचान और प्रतिष्ठा पूरे विश्व में है। प्रस्तवित सीए कोर्स में काफी परिवर्तन होने जा रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा बदलाव सीए विद्यार्थियों की आर्टिकलशिप ट्रेनिंग को लेकर है। सी. आई.आर.सी के सीकासा चेयरमैन सीए अनिल यादव ने कहा कि इस प्रस्तावित कोर्स के अनुसार अब सीए कोर्स में आर्टिकलशिप ट्रेनिंग सिर्फ दो साल की होगी, जो अभी तीन साल की है। इसी कड़ी में 75 वर्ष से उपर उम्र के सीए सदस्यों का सम्मान भी किया गया। जिसमें सीए पूनमचंद बोथरा और सीए जी. डी. चूरा का अध्यक्ष अंकुश चौपडा, उपाध्यक्ष सी एम राहुल पच्चीसिया,सचिव सीए हेतराम पूनिया, सीकासा अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद, कोषाध्यक्ष अभय शर्मा ने दोनों वरिष्ठ सदस्यों को अभिनंदन पत्र भेंट कर उनके सेवा कार्यों की प्रशंसा की।

### बैंकर्स आवेदन पत्रों का निस्तारण करें



**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार सिहाग ने कहा कि बैंकों का सरोकार जरूरतमंद की मदद करना है। इसी भावना के अनुरूप सामान्य व गरीब परिवारों के आवेदन पत्रों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ कर उन्हें आर्थिक मदद प्रदान करें। छोटे-छोटे ऋणों से गरीब व्यक्ति या स्वयं सहायता समूहों को बड़ा लाभ पंहुचता है। उन्होंने कहा कि किसी आवेदन पत्र में कोई छोटी-छोटी कमियां है, तो ऐसे आवेदन पत्रों को निरस्त न करते हुए कमियों को दूर करवाकर लाभान्वित करें। जिला कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाहॉल में जिला स्तरीय बैंक सलाहाकार समिति की बैठक में निर्देश दिये। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक चन्द्रेश कुमार शर्मा ने कहा कि किसानों की आमदनी दौगुनी करने लिये बैंकर्स को हर संभव प्रयास करने चाहिए। डेयरी उद्यमिता एवं विकास योजना, किसान क्रेडिट ऋण एवं वार्षिक साख योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। पशुपालकों को केसीसी के अलावा कमजोर वर्ग को सोसायटी के माध्यम से लाभान्वित करने तथा एसएचजी की प्रगति पर चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पशुपालन के लिये केसीसी, मत्स्य पालन, कृषि प्रसंस्करण, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, खादी बोर्ड, ग्रामीण व शहरी पोप, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना इत्यादि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेन्द्र मोहन शर्मा, उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल, अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार चंदेल, उपनिदेशक कृषि जी. आर. मटोरिया, राजीविका के जिला समन्वयक चन्द्रशेखर सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### आंदोलनकारियों को हटाया

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** नई बस रही कॉलोनी गौतम बुद्धनगर में बेघरों को मकान के लिए जगह अलॉट करने की मांग पर कलेक्ट्रेट पर आंदोलन कर रहे लोगों को बुधवार को वहां से हटा दिया गया। अब ये लोग गौतम बुद्ध नगर में अपना अनशन जारी रखेंगे। ये लोग आईडीपी के बैनर तले आंदोलन कर रहे हैं। अब तक 31 लोग अनशन पर बैठे हुए हैं। इनमें से बीस अस्पताल में भर्ती हैं जबकि 11 धरना स्थल पर ही अनशन कर रहे हैं। अस्पताल में भर्ती बीस लोगों में से तीन को बीकानेर रैफर कर दिया गया जबकि सत्रह अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। ग्यारह लोग अनशन स्थल पर ही अनशन कर रहे हैं। उदयपुर हत्याकांड के बाद इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। ऐसे में बुधवार दोपहर तक तो आंदोलनकारी मौके पर डटे हुए थे। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें वहां से हटा दिया। आंदोलनकारियों का नेतृत्व कर रहे आईडीपी के राजेश भारत से सीओ सिटी अरविंद बेरड़, कोतवाली एसएचओ विश्वजीत सिंह और एसडीएम की वार्ता हुई। इसमें धरना हटा लेने के लिए कहा गया। आईडीपी नेता राजेश भारत ने कहा कि आंदोलनकारियों को गौतमबुद्ध नगर में जाने के लिए कहा गया है। वे मांग पूरी होने तक वहीं पर आंदोलन करेंगे।

# बाल वाहिनी पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर लिखवाना अनिवार्य

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक का आयोजन बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 1 जुलाई से खुल रही स्कूलों के दौरान बाल वाहिनियों पर चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 लिखवाना सुनिश्चित करें। साथ ही बाल वाहिनियों की फिटनेस का भी औचक निरीक्षण करते हुए स्पीड लिमिट बांधना सुनिश्चित करें।

बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्यों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्कूलों में चाइल्ड राइट क्लब की बैठकें नियमित रूप से हों और उन्हें गुड टच, बैड टच से संबंधित मूवी भी दिखाई जाए। स्कूल में शनिवार को नो बैग डे की पालना सुनिश्चित करें व बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।



हनुमानगढ़ में जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक को एडीएम प्रतिभा देवठिया ने संबोधित किया।

बैठक में समाज कल्याण विभाग के हॉस्टल में बच्चों का पाक्षिक मेडिकल चैकअप करने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये गए। पुलिस विभाग को कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई करने, बाल भिक्षावृत्ति को लेकर बाल कल्याण समिति व श्रम विभाग के सहयोग से जिले को बालश्रम से मुक्त करने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को पोषण संबंधी व्यवस्थाएं संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम के अलावा बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य मुजफ्फर अली, बाल कल्याण समिति सदस्य एडवोकेट विजय सिंह, प्रेम शर्मा, एडिशनल एसपी जस्साराम बोस मौजूद थे।

## श्रीराम कथा में श्रद्धालु झूमे

**नोखा, (निसं)।** विश्वकर्मा मंदिर के पास सुथारों की स्कूल नोखा स्थित चल रही संगीतमय श्रीराम कथा में विभिन्न प्रसंगों को सुनाया गया।

इस अवसर पर कथावाचिका आरती रांकावत बेरासर ने हर मां भगवान राम जैसा पुत्र चाहती हैं तो कौशल्या के चरित्र को अपनाना होगा। व्यक्ति के जीवन में राम का भजन नहीं होगा तब तक उसे कुशलता नहीं मिलेगी। राम नाम लीजिए सदा सुखी रहिए।

कथा सुनने से जीवन में रचनात्मक ऊर्जा आती है। दुनिया में सनातन धर्म सबसे बड़ा है। हमारे धर्म में हम गाय को गौ माता मानते हैं। वृक्ष को भगवान मानते हैं। हिन्दू संस्कृति पूजनीय है। इसे पूरे विश्व में माना जाता है। हम अधिक से अधिक लोगों की सेवा करें अच्छे कर्म करें और जीवन में परिवार की उन्नति करें हमें भगवान को पाना है तो अच्छे कर्म करना होगा नियमित भगवान की पूजन करनी होगी। इस अवसर पर कथा में हनुमान जी से मिलन, जाम्बवंतजी द्वारा हनुमान जी को बल याद दिलाना आदि प्रसंग भी सुनाए गए। इस दौरान लालचंद साध, राजू मालपाणी, कैलाश रांकावत, निर्मल, गोविंद सारस्वत, पवन पारीक, ओमप्रकाश नाई, सतीश साध सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु थे।

# गंगानगर में दस दिन में शुरू होगी एथलेटिक्स एकेडमी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** प्रदेश भर के करीब बीस अच्छे खिलाड़ियों को स्कूल लेवल से ही एथलेटिक्स की बेहतरीन ट्रेनिंग देकर उन्हें राज्य के अच्छे खिलाड़ियों में शामिल करने के उद्देश्य से श्रीगंगानगर में शुरू की गई स्टेट बॉयज एथलेटिक्स एकेडमी को अगले दस दिन में शुरू करने के आदेश दिये गए हैं।

एकेडमी वर्ष 2020 से कुछ समय पहले ही जयपुर से श्रीगंगानगर लाई गई थी। यहां कोरोना काल में इसके बंद कर दिया गया। इसके बाद न तो इसमें पड़े सामान की सुध ली गई और न ही इसके बिस्तर चारपाईयों को ही संभाला गया। ऐसे में एकेडमी के हाल बदहाल हो गए हैं। एकेडमी के नाम पर कबाड़ से भरा एक हॉल ही रह गया है। अब अगले दस दिन में एकेडमी शुरू करने के आदेश तो जिला खेल अधिकारी को मिल गए हैं लेकिन अब तक शुरुआती तौर पर ज्यादा काम नहीं हो पाया है।

आलम यह है कि एकेडमी में मामूली सफाई ही हो सकी है। बैडमिंटन हॉल में शुरू की गई इसकी बिल्डिंग में कचरा ही भरा हुआ है। खेल का पुरान सामान यहां रखा है। इसे हटाने के बाद ही इसे एकेडमी का स्वरूप दिया जा सकेगा।

■ कोरोनाकाल में एथलेटिक्स एकेडमी को बंद कर दिया गया था

एकेडमी वर्ष 2020 से कुछ समय पहले जब शुरू की गई तो इसके लिए कोई बिल्डिंग नहीं दी गई। अंतत बैडमिंडन हॉल में ही एकेडमी शुरू कर दी गई। पहले साल कुछ लोग यहां रहे लेकिन अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद उन्हें यहां अच्छी सुविधा नहीं मिली। एकेडमी के बीस खिलाड़ी तो इस हॉल में रह लेते हैं लेकिन उनके लिए किचन का प्रबंध यहां नहीं है। इस हॉल के सामने ही खुले में उनके लिए भोजन बनता है। खिलाड़ियों को रहने के लिए जो बैडमिंटन हॉल दिया गया है।

## बोलांवाली धाम में भंडारा व लंगर

**संगरिया,(कासं)।** गांव बोलांवाली स्थित श्रीमेहंदीपुर बालाजी एवं वैष्णो मंदिर में 13 वें मूर्ति स्थापना दिवस पर वार्षिक भंडारा व रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान के अलावा हरियाणा व पंजाब से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मन्नत पूरी होने पर लंगर सेवा की।

रात्रि जागरण में देवी स्वरूपा बेटियों के जन्म जीवन का महत्व बखान करते हुए प्रस्तुति भी दी गई। श्रीमेहंदीपुर बालाजी एवं वैष्णों मंदिर पुजारी शास्त्री सूबे सिंह शर्मा ने कहा कि धर्म और संस्कृति समाज को गलत दिशा में जाने से रोकने के लिए सबसे अहम पहलू है। सदियों से चल रही अनुष्ठान परंपरा के तहत रात्रि जागरण व भंडारा में सभी धर्म प्रेमियों के परस्पर सदभाव का प्रमाण देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि अपनी आस्था के अनुसार ईश्वर स्मरण करते हुए तनाव से दूर रहने और मनोबल के साथ अपने जीवन के लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ना सच्ची पूजा है, जिसकी प्रेरणा आयोजन के तहत दी गई। इससे पहले सुबह सवा 8 बजे हवन अनुष्ठान शुरू हुआ। शाम सवा 6 बजे भंडारा की शुरुआत करते हुए मन्नत पूरी होने वाले श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक भोज करवाया गया।

## किसान भवन में लगेगा फूड लाइसेंस शिविर

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जिले में कार्रवाई जारी है। वहीं अभियान के तहत जागरूकता एवं व्यापारियों को त्वरित लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के लिए गुरुवार को विशेष शिविर लगाया जायेगा।

नई धान मंडी के किसान भवन में यह शिविर आयोजित होगा। सीएमएचओ डॉ. गिरधारी लाल मेहरड़ा ने बताया कि व्यापारियों को राहत देने के लिए विशेष शिविर लगाया जा रहा है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री विक्रेता, तेल मिल, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई सामग्री निर्मात विक्रेता लाइसेंस बनवाएं।

# 18 चयनित राजस्व ग्रामों में बनाये जायेंगे प्रधानमंत्री आवास

**बीकानेर, (कासं)।** नगर विकास न्यास क्षेत्र में शामिल 18 राजस्व ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी का क्रियान्वयन अब बीकानेर पंचायत समिति द्वारा किया जायेगा।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि इन राजस्व गांवों के पात्र व्यक्तियों को 7 जुलाई तक आवेदन फार्म संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय को प्रेषित करने होंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशों की अनुपालना में नगरीय निकाय, विकास प्राधिकरण अथवा नगर विकास न्यास के नोटिफाइड प्लानिंग अथवा डवलपमेंट क्षेत्र को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी श्रृंखला में बीकानेर में भी न्यास क्षेत्र के राजस्व ग्रामों में योजना का क्रियान्वयन पंचायत समिति द्वारा किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की सालाना आय तीन लाख रुपये तक होनी चाहिए तथा आवेदक के स्वयं के नाम भूखंड तथा पट्टा दस्तावेज होने चाहिए। ऐसे लाभार्थी जो नियमन योग्य आबादी भूमि पर पूर्व से निवासरत है, लेकिन भूमि स्वामित्व का पट्टा दिए जाने की प्रक्रिया में है या कालांतर में दिया जा सकता है। ऐसे आवेदक का देशभर में कहीं भी पक्का आवास नहीं होना चाहिए। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व में संचालित किसी भी आवासीय योजना में अनुदान प्राप्त नहीं किया हो। उन्होंने बताया कि यदि आवेदक की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक है, विवाहित है तथा स्वयं के नाम से भूखंड नहीं है, तो वह माता-पिता या सास-ससुर के नाम भूखंड पर निर्माण के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए माता-पिता या सास-ससुर का अनापत्ति शपथ पत्र अनिवार्य है।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

**बीकानेर, (कासं)।** जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि आमजन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

जिला कलेक्टर ने बुधवार को सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक में कहा कि ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों के निस्तारण में समयबद्धता और संतुष्टि का विशेष ध्यान रखते हुए प्रकरण निस्तारित किए जाएं। कई विभागों में बार बार चेतावनी के बावजूद लम्बे समय से लंबित हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू किये गए नये पैटर्न के अनुसार ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर असंतुष्ट परिवादियों को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में तथा ब्लॉक स्तर पर असंतुष्ट परिवादियों को जिला स्तरीय जनसुनवाई में बुलवाया जायेगा तथा होने लायक काम नहीं होना पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। कलाल ने कहा कि राजस्व विभाग लंबित प्रकरणों की सूची में सबसे ऊपर हैं। इसके मद्देनजर सभी एसडीएम ध्यान दें और ब्लॉक स्तर के अन्य विभागों के साथ समीक्षा कर प्रकरण निस्तारित करवाएं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से निस्तारित प्रकरणों में संतुष्टि प्रतिशत कम हुआ है। समय पर जवाब नहीं देने से शिकायतें ऊपर के लेवल में चली जाती है। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल पर अपनी आईडी प्रतिदिन खोलकर देखना सुनिश्चित करें।



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

■ सम्पर्क पोर्टल समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए

सम्पर्क की समीक्षा बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए कलाल ने कहा कि पूर्व सूचना के बैठक में नहीं आने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए। कलाल ने कहा कि परिवादी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के साथ यह भी महत्वपूर्ण है कि जो भी जवाब दिया जा रहा है, उसे पढ़ने के बाद ही अपलोड करवाएं। जिससे संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों को संवेदनशील होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करें। जिला कलक्टर ने पानी, बिजली, निगम न्यास, श्रम विभाग, शिक्षा, ऊर्जा विभाग सहित विभिन्न विभागों के बकाया प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कलेक्टर-एसपी ने ली शांति समिति की बैठक

**हनुमानगढ़, (कासं)।** उदयपुर की घटना के बाद जिले में सामाजिक सौहार्द कायम रखने को लेकर जिला कलेक्टर नथमल डिडेल और जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अजय सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि हनुमानगढ़ जिला सांप्रदायिक सौहार्द्र के लिए जाना जाता है। लोगों में आपस में भाईचारा व प्रेम भाव बना रहे, इसकी बड़ी जिम्मेदारी शांति समिति के सदस्यों और विभिन्न समाजों के मौजिज लोगों पर है।

डिडेल ने कहा कि जिले में जिले में पिछले चार महीनों में एनडीपीएस की उतनी कार्रवाई हो गई जितनी पहले साल भर में होती थी। नशे को लेकर कहीं कोई शिकायत मिले तो जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी वाट्सएप नंबर 8764531201 पर उसकी जानकारी दें। सख्त कार्रवाई की जायेगी।



हनुमानगढ़ कलेक्टर नथमल डिडेल ने शांति समिति की बैठक को संबोधित किया।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अजय सिंह ने कहा कि जिले में सांप्रदायिक सौहार्द्र और भाईचारा सदैव कायम रहा है। आगे भी यह इसी तरह कायम रहे। कहीं कोई समाज को नुकसान पहुंचाने वाली कोई घटना सामने आए तो तुरंत इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दें। शांति समिति के सदस्यों की और बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है कि आप लोगों को गाइड करें, उन्हें सही दिशा दें। खासकर युवा वर्ग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।